दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO-UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 ₹ में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 206 मुरादाबाद, 16 November 2023 (Thursday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये


प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी के घर के बाहर बिजली चोर लिखा पोस्टर लगा

कर्नाटक में कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश प्रमुख कुमारस्वामी पर दीपावली के दौरान उनके जेपी नगर स्थित आवास को सजावटी रोशनी से रोशन करने के लिए अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ बेंगलुरु विद्युत आपूर्ति कंपनी की ओर से बिजली चोरी का मामला दर्ज किए जाने के एक दिन बाद उनके घर के पास दीवारों पर पोस्टर लगाए गए जिनमें उन्हें बिजली चोर बताया गया। इन पोस्टर्स को दिखाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पोस्टरों के बारे में पता चलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें हटा दिया। कर्नाटक में कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश प्रमुख कुमारस्वामी पर दीपावली के दौरान उनके जेपी नगर स्थित आवास को सजावटी रोशनी से रोशन करने के लिए अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। सत्तारूढ़ पार्टी ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक बयान के साथ एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें जद (एस) नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे की आलोचना की गई है। उसके बाद, बेस्कोम सतर्कता विंग ने एक निरीक्षण किया और भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया। कुमारस्वामी ने कहा कि यह उनकी गलती नहीं है, बल्कि एक निजी डेकोरेटर की गलती है, जिसने पास के बिजली के खंभे से सीधे कनेक्शन कर दिया। उन्होंने दावा किया कि जब उन्हें पता चला तो उन्होंने तुरंत इसे हटवाया और घर के मीटर बोर्ड से बिजली का कनेक्शन ले लिया। कांग्रेस ने कुमारस्वामी पर कटाक्ष करते हुए कहा, दुनिया के एकमात्र ईमानदार व्यक्ति एचडी कुमारस्वामी के जेपी नगर स्थित आवास को सजावटी रोशनी से रोशन करने के लिए बिजली के खंभे से अवैध बिजली कनेक्शन दिया गया। यह एक त्रासदी है कि गरीबी ने एक पूर्व मुख्यमंत्री को बिजली चोरी करने के लिए मजबूर कर दिया है।

## गरीबों-महिलाओं के लिए 10 सालों में जितना काम हुआ, उतना कभी नहीं हुआ, खूंटी में बोले पीएम मोदी



प्रधानमंत्री मोदी खूंटी जिले में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थान उलिहातु गांव भी गए और तीसरे जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में भी शिरकत की। खूंटी में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा आज का दिन बेहद भाग्यशाली है। मैं अभी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु से लौटा हूं। इस दौरान उनके परिजनों से सुखद मुलाकात हुई। मुझे भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और म्यूजियम जाने का भी मौका मिला। दो साल पहले मुझे इस म्यूजियम को देशवासियों को समर्पित करने का अवसर मिला था। जनजातीय गौरव दिवस पर मैं सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर हम चाहते हैं कि अगले 25 सालों के अमृत काल में भारत विकसित राष्ट्र बने तो हमें चार अमृत स्तंभों को मजबूत करने की जरूरत है। इनमें एक है महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों, युवाओं, नए मध्यम वर्ग और गरीब लोगों का विकास। इन वर्गों के विकास के लिए बीते 10 सालों में जितना काम किया गया है, उतना कभी नहीं किया गया। पीएम मोदी ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि- इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को झारखंड की राजधानी रांची में भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी। बता दें कि आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। प्रधानमंत्री सुबह रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान प्रधानमंत्री के साथ सीएम हेमंत सोरेन, केंद्रीय जनजातीय कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा और झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी मौजूद रहे। पीएम मोदी दो दिन के झारखंड दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को झारखंड पहुंचे थे और उन्होंने मंगलवार रात रांची में एक रोड शो किया। बुधवार सुबह भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बाद पीएम मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थान खूंटी पहुंचे, जहां वह 24 हजार करोड़ रुपये की जनकल्याणकारी योजनाओं का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी खूंटी जिले में भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थान उलिहातु गांव भी गए और तीसरे जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में भी शिरकत की।

### 24 हजार करोड़ रुपये की दी सौगात

प्रधानमंत्री मोदी ने 24 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की, उनका फोकस विशेष रूप से कमजोर जनजातीय वर्ग पर है। पीएम मोदी ने झारखंड से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की। साथ ही उन्होंने राज्य में 7200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने झारखंड दिवस को लेकर कहा %झारखंड अपने खनिज खनन के साथ ही बहादुरी, साहस और आत्मसम्मान के लिए भी जाना जाता है। यहां मेरे परिवारजनों ने देश की तरक्की में अहम योगदान दिया है। मैं स्थापना दिवस के मौके पर झारखंड के लोगों को शुभकामनाएं देता हूं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इन

### प्रोजेक्ट्स का किया उद्घाटन

24 हजार करोड़ रुपये की योजनाओं के तहत झारखंड को सड़कों, टेलीकॉम कनेक्टिविटी, बिजली, साफ पानी और मकानों की सौगात मिली है। साथ ही झारखंड के लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण संबंधी योजनाएं भी शुरू की गई हैं। इन योजनाओं का उन इलाकों पर विशेष फोकस है, जहां जनजातीय वर्ग रिमोट इलाकों में दुनिया से अलग-थलग रहते हैं। पीएम मोदी ने आईआईएम रांची के नए कैंपस, आईआईटी-आईएसएम धनबाद के नए हॉस्टल, बोकारो में पेट्रोलियम ऑयल डिपो की सौगात दी। साथ ही हाटिया-पाकरा, तालगढ़िया-बोकारो और जारंगडीह-पतरातू सेक्शन के रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण जैसे प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया।

## डोडा में बड़ा सड़क हादसा, 300 फीट गहरी खाई में गिरी बस, 36 की मौत, 19 लोग घायल

डोडा में एक बस अनियंत्रित होकर करीब 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी है। इस हादसे में 36 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है और कुछ अन्य घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। जम्मू संभाग के जिला डोडा में बड़ा सड़क हादसा हो गया है। बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब जिले डोडा के बग्गर इलाके के त्रांगल में एक बस अनियंत्रित होकर करीब 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना जोरदार हुआ कि इसमें 36 लोगों की मौत हो गई है और करीब 19 घायल हैं। बस किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही थी।हादसे का पता चलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया जा गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। दो घायलों की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें जीएमसी जम्मू के लिए रेफर किया गया, लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, बस पंजीकरण संख्या जेके02सीएन-6555 वाली बस में 56 लोग सवार थे। यह बस किश्तवाड़ से जम्मू को जा रही थी। बटोत-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास बस अनियंत्रित होकर 300 फीट खाई में गिर गई।

### ओवरटेक के चलते हुआ हादसा

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जानकारी में पता चला है कि इस मार्ग पर तीन बसें एक साथ चल रही थी और एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में यह बड़ा हादसा हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम मोदी-उपराज्यपाल ने हादसे पर जताया दुख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर दुख जताया है। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी हादसे दुख प्रकट किया है। मृतकों के परिवार को दो लाख और घायलों को पचास हजार की घोषणा- पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, 卐जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस दुर्घटना दुखद है। उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।卐 उन्होंने घोषणा करते हुए कि प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और प्रत्येक घायल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 50,000 रुपये दिए जाएंगे। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, 卐जम्मू-कश्मीर के डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना के कारण बहुमूल्य जिंदगियों के नुकसान के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। स्थानीय प्रशासन बचाव अभियान चला रहा है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।卐 मृतक और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं।%% जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा,卐डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं और दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के जवान बचाव अभियान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कुछ घायल यात्रियों को अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## सहारा श्री के निधन पर अखिलेश यादव ने जताया दुख, कहा- देश और यूपी के लिए भावात्मक क्षति



पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सहाराश्री सुब्रत रॉय जी का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावात्मक क्षति हैं क्योंकि वो एक अति सफल व्यवसायी के साथ-साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदयवाले व्यक्ति भी थे, जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की थी। सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन हो गया है। मंगलवार को मुंबई के कोकिला बेन अस्पताल में 75 वर्ष की उम्र में रॉय ने अंतिम सांसे लीं। रॉय के जाने से व्यापार जगत एक तरह से सूना पड़ गया है। रॉय के समर्थकों में शोक का लहर है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है तो वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ने भी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### अखिलेश यादव ने जताया दुख

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सहाराश्री सुब्रत रॉय जी का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावात्मक क्षति हैं क्योंकि वो एक अति सफल व्यवसायी के साथ-साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदयवाले व्यक्ति भी थे, जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की थी। उनका सहारा बने थे। भावभीनी श्रद्धांजलि।

### राजभर ने व्यक्त की संवेदनाएं

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने ट्वीट कर कहा कि सहारा श्री सुब्रत रॉय जी का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावात्मक क्षति हैं क्योंकि वो एक अति सफल व्यवसायी के साथ-साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदयवाले व्यक्ति भी थे जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता की उनका सहारा बने। भावभीनी श्रद्धांजलि!

### सुरेश रैना ने भी किया याद

भारत के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी सुब्रत रॉय के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि महान प्रेरक, वक्ता और खेल प्रेमी नहीं रहे।

## कोई डोसा बना रहा.. कोई खेतों में कर रहा काम! मतदाताओं को लुभाने के लिए अजब तरीके अपना रहे प्रत्याशी



एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी विधानसभाओं में चुनाव प्रचार के पारंपरिक तरीके अपना रहे हैं और पदयात्रा निकाल रहे हैं। इस दौरान ओवैसी भी अपने उम्मीदवारों के साथ खाने-पीने की दुकानों पर रुककर खाने का आनंद भी ले रहे हैं। राजनीति के रंग भी अजब होते हैं, चुनाव के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनेता क्या-क्या नहीं करते। ऐसे ही कुछ नजारे इन दिनों तेलंगाना विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिल रहे हैं। दरअसल यहां नेता सड़क किनारे एक ठेले पर डोसा बनाने से लेकर बाल काटने की दुकान पर कैंची तक पकड़े नजर आ रहे हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से लेकर स्थानीय उम्मीदवार तक मतदाताओं को लुभाने के लिए नए-नए तरीके आजमा रहे हैं, खासकर तब जब आसपास मीडिया हो। राहुल गांधी ने बनाया डोसा- तेलंगाना में अपने चुनाव प्रचार अभियान विजयभेरी के दौरान राहुल गांधी बीते महीने सड़क किनारे एक फूड स्टाल पर रुके और डोसा बनाने पर अपने हाथ आजमाए थे। इस दौरान राहुल गांधी ने दुकानदारों से बात भी की थी। एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी विधानसभाओं में चुनाव प्रचार के पारंपरिक तरीके अपना रहे हैं और पदयात्रा निकाल रहे हैं। इस दौरान ओवैसी भी अपने उम्मीदवारों के साथ खाने-पीने की दुकानों पर रुककर खाने का आनंद भी ले रहे हैं और वहां लोगों से बातचीत भी कर रहे हैं।

### महिलाओं के साथ डांस करती नजर आईं बीआरएस नेता

तेलंगाना सरकार के मंत्री और बीआरएस उम्मीदवार पुवादा अजय कुमार चुनाव प्रचार के दौरान खम्मम इलाके में एक दुकान में लोगों के बाल काटते नजर आए। चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं को फूड स्टाल पर चाय बनाते, बच्चों को खाना खिलाते भी देखा जा रहा है। तेलंगाना की मंत्री माला रेड्डी, जो कि मेदचल सीट से चुनाव लड़ रही हैं, वह महिलाओं के एक समूह से बात करती नजर आईं। इस दौरान उन्होंने एक बुजुर्ग महिला को उठाकर अपनी गोद में भी बिठा लिया। वहीं एक अन्य जगह पर वह तेलंगाना की पारंपरिक धुन पर डांस भी करते नजर आईं थी।

### चुनाव प्रचार के दौरान खेत में काम करने पहुंच गए बीआरएस नेता

महबूबनगर सीट से बीआरएस उम्मीदवार श्रीनिवास गौड़ हाल ही में एक रैली को संबोधित कर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि कुछ महिलाएं एक खेत में काम कर रही हैं तो बीआरएस नेता ने भी तुरंत अपना काफिला रुकवाया और महिलाओं के पास खेत में जाकर महिलाओं की मदद करने लगे। इस दौरान बीआरएस नेता ने महिलाओं से पार्टी को वोट देने की भी अपील की। तेलंगाना में चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशियों के परिजन भी चुनाव प्रचार में जुटे हैं। बता दें कि तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा और 3 दिसंबर को चुनाव नतीजों की घोषणा की जाएगी।

संपादकीय Editorial

# Election winds

Prime Minister Modi claims that he is able to read the 'wind direction'. This claim was made in the context of Chhattisgarh elections. The Prime Minister also announced that it is the time of 'chala-chali' for the Congress government. Chief Minister Bhupesh Baghel is also losing the election. Actually this is the election season. Congress leaders are also claiming that there will be a crushing defeat for BJP. Congress is also claiming victory in all five states. Of course, the Prime Minister is aware of the 'wind's direction', because he is briefed by intelligence agencies at all levels. The intelligence leads that reach the Prime Minister also include election assessments, but intelligence analyzes have also been inaccurate in the context of elections. Of course, Prime Minister Modi has a long experience of public life, but in many states he has failed to read the direction of the wind. BJP lost the assembly elections in states like Karnataka, Himachal, Punjab etc., while Prime Minister Modi was the star campaigner of the party. He addressed many public meetings. His 'road shows' were also organized and he seemed to get tremendous support from the public, but the BJP was defeated.

The BJP is in power in the neighboring state of Punjab, Haryana, and in Himachal too, it has been coming to power every five years, but till date, Prime Minister Modi and the BJP have not been able to know the political and electoral 'winds' of Punjab, so that they can take part in the electoral rivalry. Can remain involved.

It is another matter to contest elections in alliance with Akali Dal, but BJP alone is almost 'zero' in Punjab. BJP is still almost missing in the southern states like Tamil Nadu, Kerala, Andhra Pradesh, even though it has ruled the central government for nine and a half years and will complete 10 years by the general elections. BJP and the Prime Minister are also optimistic about the mandate of the general elections of 2024. Narendra Modi has been the general secretary in-charge of the party organization in many states of the country. There are also RSS branches there.

That support is also with the BJP and the Hindu vote bank in those states is also wide and strong, but the Hindus, OBCs and Dalits etc. there are not polarized electorally in favor of the BJP. Why can't Prime Minister Modi read the 'wind direction' of those states? BJP was very active in Telangana and was making great efforts for power, but suddenly something happened in the organization or the 'wind' seemed to be completely opposite, hence the efforts got weakened. Now on December 3, it will become clear which party got how much mandate in which state? However, there are chances of BJP forming governments in Rajasthan and Madhya Pradesh and Congress government may remain intact in Chhattisgarh.

In all the surveys that have been conducted so far and whatever their findings have been, Chhattisgarh is still in Congress's share. The basic reason for this is that despite being in opposition, BJP has remained inactive for the entire five years.

Dr. Raman Singh remained the Chief Minister for 15 consecutive years, but as soon as he came into opposition, he was also pushed to the margins. Although he is still contesting the elections. BJP could not pose a challenge to the Congress government for the entire five years.

Prime Minister Modi has made claims of 'Hawa ke Rukh' in public meetings and Congress is announcing the defeat of Chief Minister Baghel, because serious allegations of 'Mahadev Satta App' and bribe given to the Chief Minister of Rs 508 crore are in the air. The real situation will become clear soon.

# Analysis: Southern politics is going to be ineffective in central politics and formation of new government.

It is clear from the phase that the politics of the South is going through at the moment that the results of the Lok Sabha elections in the six states there will be mixed and divided and they will not have a major role in the formation of the new government at the Centre. If a deep analysis of the year 2024 Lok Sabha elections and South Indian politics is done, then two facts emerge. First, the results of the Lok Sabha elections in the six states of South India will not become a major factor in the formation of the new government at the Centre. Second, the result of the Lok Sabha elections in these six states will be mixed and divided. Since the year 2019, many new faces have emerged in these six states of South India. In Andhra Pradesh and Tamil Nadu, the spiritual and cinema world has had an influence on politics. Pawan Kalyan of Andhra Pradesh and Joseph Vijay of Tamil Nadu are new faces in politics, who come from the background of cinema. The politics of southern states is very clear. The result of Lok Sabha elections may be divided in these six states. Of course, state level parties say that regional satraps dominate southern politics, but Congress or BJP will not be completely wiped out. Except Tamil Nadu and Karnataka, out of the six states of South India, the remaining four states are completely different from each other. Andhra Pradesh and Telangana, both are Telugu speaking states, but Telangana is quite aggressive. The politics of Puducherry and Kerala is also at its peak. Let us first talk about Tamil Nadu. A big surprise is going to happen in this state in the 2024 Lok Sabha elections. Dravidian politics is fast dying and this may be reflected in the 2024 results of Tamil Nadu. For the first time in the political history of Tamil Nadu, three new faces will decide the fate of the winner of the Tamil Nadu Assembly elections to be held in 2026. Apart from DMK and AIADMK, who are these three new faces? BJP leader K Annamalai, Naam Tamilar Katchi leader and former actor Seeman and the third one is cinema world's mini superstar Joseph Vijay. These three faces will woo first or second time voters. These three can snatch 25 to 30 percent votes from Dravidian parties. Even if they are not successful in the 2024 Lok Sabha elections, they are definitely going to do so in the 2026 Assembly elections. The absence of tall personalities like Karunanidhi and Jayalalitha is being felt in Tamil Nadu. Who will fill this place? Whether Narendra Modi or someone with a nationalist outlook from the BJP or Mallikarjun Kharge with the support of Rahul Gandhi. It is true that after AIADMK's exit from NDA, AIADMK is proposing an alliance to Congress, but such an important decision of changing the party in the alliance is not possible. For this, we will have to wait for the results of the assembly elections of five states in the first week of December. But there is only three months between December 2023 and February 2024, so the alliance cannot be tampered with or changed. The political struggle in Andhra Pradesh is also interesting, where Jagan Reddy is maintaining his hold. His political decision and timing of arresting his arch rival Chandrababu Naidu was so right that Jagan Reddy's YSR Congress emerged as a powerful party. Telugu Desam Party leader Naidu, instead of apologizing to Modi, surrendered before Modi and the BJP. The future of Andhra Pradesh politics is divided between two faces - one is Narendra Modi and the other is Chandrababu Naidu. Obviously, Jagan Reddy is at the center of state politics. Congress is no longer a force there as it had divided the state into two a decade ago. Congress has a strong hold in Telangana, but BJP is trying to grab its place. Top leaders of BJP are continuously visiting Telangana to defeat the strong leader of BRS. CPI(M) is a major force in Kerala. But how will Chief Minister Vijayan deal with his arch rival Congress? CPI(M) and Left Front want to eliminate Congress in Kerala. Rahul Gandhi is an MP from Wayanad, Kerala. Veteran CPI(M) leader Achuthanandan said that CPI(M) will defeat Rahul Gandhi in the 2024 elections. Inside sources say that staunch Congress leaders are turning to CPI(M). Amidst all this, will there be any space for BJP in 2024? The answer to this question is doubtful. Karnataka is an important state for Congress, but will the Chief Minister be able to influence the results of the 2024 Lok Sabha elections. The answer is a resounding 'no'. There are staunch enemies of the Chief Minister within the party itself. There are four factions in the state Congress, which want to oust Siddaramaiah before the Lok Sabha elections. Kharge and Gandhi family are going to be tested in Karnataka. Janata Dal (S) has very cleverly entered into an alliance with BJP for the Lok Sabha elections. Efforts are being made by Janata Dal (S) to topple the Congress government. Whichever way you look at it, Karnataka's 28 Lok Sabha seats are crucial for government formation in New Delhi. Due to voters' disappointment with Congress, BJP is sure to get more benefits. In short, either Rahul Gandhi or Narendra Modi can influence the divided politics of South India. But one thing is certain that in the next decade, BJP will establish its strong hold in the four major states of South India - Tamil Nadu, Telangana, Karnataka and Andhra Pradesh. Can make a claim. First-time voters, who have been living in the Narendra Modi era since they were born in 2002, have witnessed the digital revolution. The year 2024 is going to be decided by the vote bank of digital youth, especially the vote bank of women.

# Clean Energy: When the whole world will breathe in the open air...IEA gives hope

According to the IEA, with the increasing use of clean energy technology, the picture of a carbon-blackened world will start brightening by 2030. Global warming, which has become a threat to the entire humanity, has crossed the level of 1.3 degrees Celsius compared to pre-industrial levels. According to scientists, July 2023 was the hottest month ever recorded and it was the hottest month in the last 1.25 lakh years. On the other hand, according to a recent report released by Climate Central, global warming from November 2022 to October 2023 has set a new record.

This was the hottest 12-month period in history. During this period, the average temperature in 170 countries exceeded the 30-year scale. During this period, 7.8 billion people, or approximately 99 percent of the world's population, were forced to live in a warmer than average environment. But amidst this, a new ray of hope has shone, which is giving the message that due to the current policies, by the year 2030, due to the rapid increase in the use of clean energy technologies like solar panels, wind energy, electric cars and heat pumps, energy The picture of the world which has been tarnished by black carbon emissions is about to become clear and shine. This will also provide relief to a large population of the world forced to breathe polluted air. It is noteworthy that lives and livelihoods are being damaged due to deadly heatwaves, droughts, wildfires, storms and floods in the world.

No country has been able to escape from global warming, which has become a widespread problem for the entire world. After all the research, there is no longer any doubt that this is the result of climate change. Global carbon dioxide emissions, about 90 percent of which come from fossil fuels, reached a record high in 2021-2022. The way population is increasing all over the world and every country is eager to exploit natural resources indiscriminately in the race for development, there is currently no hope of getting relief from the warming earth. But now removing this darkness, the World Energy Outlook 2023 report of the International Energy Agency (IEA) is showing a new ray of hope.

According to this, based on the current policy settings (steps), the IEA has estimated that by the year 2030, there will be about 10 times more electric cars running on the roads across the world than today. Solar PV will generate more electricity than the entire US energy system can currently generate. By the end of this decade the world will have the capacity to manufacture more than 1,200 gigawatts of solar panels per year.

But only 500 gigawatt production capacity is expected to be installed by 2030. The share of electricity generated from renewable energy sources in the total electricity generated globally will increase from the current level of 30 percent to close to 50 percent. Sales of solar heat pumps and other clean electric heating systems will exceed sales of fossil fuel boilers worldwide.

Not only this, investment in new offshore wind energy projects will be three times more than that in coal and gas fired plants. The share of fossil fuels in global energy supply has remained at 80 percent for the last several decades, which will reduce to 73 percent by 2030. If the world achieves the target of installing 800 GW of new solar PV capacity by the end of the decade, China's coal-fired power generation will decline by another 20 percent in 2030.

If we look at the data, there is every hope that the whole world will see a positive picture of the environment by 2030. But there are some challenges too, solutions for which will have to be found. Strong policies will also be needed to limit global temperature rise to 1.5 degrees Celsius.


Clean energy systems like solar, wind, bio energy and electric vehicles are moving the world away from fossil fuels. But, the way this decade witnessed the peak of global demand for coal, oil and natural gas, it should give rise to concern.

## रोडवेज परिवहन निगम के विफल हुए इंतजाम, यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी



मुरादाबाद- भैया दूज को लेकर राज्य सड़क परिवहन निगम मुरादाबाद रोडवेज के सारे पुख्ता इंतजाम धरे रह गए। भाइयों का तिलक करने वाली बहनों की भीड़ अपने गंतव्य से निकलकर सुबह से रोडवेज परिसर में पहुंचनी शुरू हो गई। भीड़ के कारण 10 बजे के बाद परिक्षेत्र के डिपो पर बसों की कमी का संकट बना रहा। घन्टों इंतजार के बाद आ रही बसों के पीछे यात्रियों का भागना और सीट के लिए मारामारी पूरे दी चली। रोडवेज की लापवाही प्राइवेट बस और डग्गामार मार वाहनों ने भरपूर फायदा उठाया। बुधवार को भैया दूज के पर्व पर रोडवेज परिवहन निगम के इंतजाम बहनों की बड़ी भीड़ के सामने धराशाई हो गए। सुबह से ही मुरादाबाद डिपो से दिल्ली जाने वाली यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वही लखनऊ गोरखपुर के यात्रियों को भी घन्टों बस का इंतजार करना पड़ा। पीतल नगरी डिपो पर काशीपुर, रामनगर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, चंदौसी, बहजोई, बदायूं, जाने वाले मार्ग की बसों का संकट बना रहा। कुंदरकी, बिलारी ,सेफनी ,खरसोल, मित्रपुर, शाहाबाद होकर बरेली जनपद के जाने वाली बसों का 4 से 5 घन्टे तक यात्रियों को इनतजार करना पड़ा। वहीं भिवानी और रोहतक डिपो की दो बसें रोहतक में हड़ताल होने के कारण रद्द हो गई। जिससे गाजियाबाद, दिल्ली ,काले खां, सेपला और रोहतक जाने वाले यात्रियों के समस्य शाम तक बनी रही। इन मार्गो पर जाने वाले यात्रियों को पीतल नगरी डिपो की बस दिल्ली कौशांबी डिपो तक भेजा। हापुड़ डिपो की दिल्ली से रामनगर जाने वाली बस 1=30 बजे मुरादाबाद पहुंचती है जिसके रद्द होने से भोजपुर, ठाकुरद्वारा, काशीपुर रामनगर के यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। रामनगर नैनीताल जाने वाली अन्य डिपो की बसें भी मुरादाबाद नहीं पहुँचने से यात्री परेशान रहे। सड़क राज्य परिवहन निगम की व्यवस्था के बड़ी भीड़ से चरमरा गई। जिसके बाद प्राइवेट बस और डग्गा मार वाहनों की मौज आ गई। रोडवेज पर बसों के इंतजार में खड़े सैकड़ों यात्रियों की प्राइवेट बसों व डग्गामार वाहनों में सफर करना मजबूरी बन गया। जिससे रोडवेज परिवहन निगम को आर्थिक हानि होने के साथ-साथ उसके पुख्ता इंतजामों की भी पोल खुल गई।

## अमृत सरोवर योजना में जिला पंचायत की चाल सुस्त, डीएम का काम में तेजी लाने का आदेश भी बेअसर



मुरादाबाद- मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना में भी जिला पंचायत की चाल सुस्त है। एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी छह में से दो अमृत सरोवर का कार्य अधर में है। जबकि इस पर मुख्यमंत्री की सीधे नजर रहती है। 75 लाख रुपये की लागत से चयनित छह तालाबों का जीर्णोद्धार कर जिला पंचायत उसको अमृत सरोवर बनाने में जुटा। लेकिन, अभी भी छह में से चार अमृत सरोवर का कार्य ही पूरा हो पाया। दो पर कच्छप गति से काम चल रहा है। जिन चार अमृत सरोवर का काम पूरा हुआ है उसमें नूरपुर बस्तौर, महेंद्री, भुजपुर मान और बिलारी ब्लॉक के रामपुर गंग का अमृत सरोवर शामिल है। जबकि नेवाड़ खास और शक्तिखेड़ा में काम अधर में है। ठेकेदार की लापरवाही के साथ जिला पंचायत के अधिकारियों के द्वारा इसकी सख्ती से निगरानी न करना भी काम की सुस्ती की वजह बन रही है। इससे जिला पंचायत सदस्यों में भी नाराजगी है कि उनके क्षेत्र में चयनित अमृत सरोवर के कार्य में गंभीरता नहीं दिख रही है। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत डॉ. श्याम बहादुर शर्मा का कहना है कि छह में से चार अमृत सरोवर का काम पूरा हो गया है। शेष दो का काम भी जल्द पूरा कराएंगे। जिला पंचायत के क्षेत्र में आने वाले अन्य तालाबों का भी जीर्णोद्धार कर उसको उपयोग लायक बना रहे हैं।

## जिला कारागार में बंद भाइयों को बहनों ने किया टीका, की लंबी उम्र की दुआ



मुरादाबाद- उनके बेहतर स्वास्थ्य व सुखमय जीवन की कामना, दोपहर तक लगी रही लंबी कतार भाई बहन के प्रेम व सौहार्द के प्रतीक पर्व भैया दूज बुधवार को परंपरागत उल्लास से मनाया गया। घरों में जहां बहनों ने अपने भाईयों का तिलक कर उन्हें लंबी उम्र, सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। वहीं जिला कारावास में निरूद्ध बंदियों की बहनों ने भी अपने भाई से मुलाकात कर त्योहार मनाया।

बहनों ने भाईयों को तिलक लगाकर कर उनके सुखमय जीवन और लंबी उम्र की कामना की। जेल प्रशासन ने बंदियों के साथ भैया दूज मनाने के लिए आने वाली बहनों को सुविधा उपलब्ध कराई। पूजा व तिलक के लिए आवश्यक सामग्री दिलाने में सहयोग किया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह ने बताया कि करीब 800 बहनों ने भैया दूज पर जेल में निरूद्ध अपने भाईयों को तिलक लगाकर खुशियां साझा की। जेल प्रशासन की ओर से व्यवस्थित तरीके से बंदियों से मुलाकात का इंतजाम किया गया।

## लोकसभा चुनाव को प्रत्याशी चयन पर सियासी दलों में मंथन

मुरादाबाद- जिताऊ एवं स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों की हो रही तलाश, सपा से सीट छीनने को भाजपा का जोर और सीट बचाने को जुटे समाजवादी पार्टी के रणनीतिकार अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की डुगडुगी भले ही अभी न बजी हो लेकर राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन पर नजर टिकाए हैं। जिताऊ और स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों पर दांव लगाने की प्राथमिकता सभी की है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर केवल एक बार जीत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को बड़ी चुनौती मानकर चल रही है। पार्टी प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत का दम भर रही है। ऐसे में मुरादाबाद व मंडल की सभी सीटें जीतना जरूरी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के ऊपर सभी 80 लोकसभा सीटों पर जीत का दारोमदार है। लेकिन, अपने गृह जिले मुरादाबाद में लोकसभा सीट जिताना उनके लिए प्रतिष्ठा बनी है। क्योंकि पिछला चुनाव भाजपा यहां से हार चुकी है। यह सीट समाजवादी पार्टी के डॉ. एसटी हसन के पास है।वहीं समाजवादी पार्टी इस सीट को बरकरार रखने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। अब तक चार-चार बार कांग्रेस-सपा ने लोकसभा सीट जीती है। 1952 व 1957 में कांग्रेस पार्टी के टिकट पर रामसरन ने जीत दर्ज की थी। भाजपा को केवल 2014 में जीत हासिल हुई है। जब कुंवर सर्वेश सिंह ने पार्टी को जीत दिलाई थी। नकारात्मक बयानों से नफरत फैला रहे सपा नेता-सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा मां लक्ष्मी और सनातन हिंदू धर्म की आस्था को चोट पहुंचाने वाले बयान पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को पलटवार किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण गृह में मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि सपा नेताओं का दोहरा चरित्र है। वह नकारात्मक बयानों से समाज में नफरत फैला रहे हैं। सोशल मीडिया पर जारी सपा नेता के बयान जिसमें उन्होंने लिखा है कि दुनिया में पैदा होने वाले सभी बच्चे, दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख के साथ पैदा होते हैं तो मां लक्ष्मी के 4 हाथ को कैसे सच माना जाए, पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने एक्स पर पोस्ट के बाद कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की माता महालक्ष्मी के अपमान पर चुप्पी से साफ है कि सपा नेताओं का दोहरा चरित्र है। एक तरफ सपा के मुखिया मंदिर और देवी देवताओं का दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं तो दूसरी ओर उनके नेता स्वामी प्रसाद हिंदू धर्म और उनके देवी देवताओं का अपमान कर रहे हैं। लेकिन, अखिलेश कुछ बोल नहीं रहे हैं।

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से

KNLSLIVE

रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करे

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## मुरादाबाद में कम हुआ वायु प्रदूषण, छह प्रमुख स्थान येलो रेंज में



मुरादाबाद- दिवाली के दिन आतिशबाजी के चलते 300 के पार हो गया था वायु गुणवत्ता सूचकांक दिवाली के दिन घंटों की गई आतिशबाजी से जिले में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया था। लेकिन बुधवार को प्रदूषण और कम होने से हवा साफ हो गई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। दिवाली के दिन मुरादाबाद में बुद्धि विहार, दिल्ली रोड स्थित ईको हर्बल पार्क, सेवायोजन कार्यालय क्षेत्र में आतिशबाजी के चलते प्रदूषण 300 प्रति घन मीटर का स्तर पार कर गया था। जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई।

दिल्ली एनसीआर से सटे होने का असर भी पीतलनगरी पर पड़ा। दिवाली के अगले दिन से इसमें सुधार होने लगा। बुधवार को दोपहर डेढ़ बजे महानगर में वायु प्रदूषण और कम होने से लोगों को राहत मिली। जिगर कालोनी में 152, बुद्धि विहार में 136, कांशीराम नगर में 188, ट्रांसपोर्ट नगर में 181 और सेवायोजन कार्यालय क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक ( एक्यूआई ) 186 रहा। यह सभी स्थान यलो रेंज में रहे। नगर निगम के पर्यावरण अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रदूषण बढ़ने पर निगम की ओर से स्प्रिंकल मशीन से पानी का छिड़काव पेड़ों और सड़कों पर कराया जाता है। जन सामान्य से अपील है कि वह प्रदूषण फैलाने से बचें। पटाखों के चलते हानिकारक रसायन व बारूद के गंध और शोर से वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए इससे दूर रहें। अपने घर व आसपास पौधरोपण व उसके संरक्षण पर जोर दें।

## छठ पूजा के लिए घाटों की सफाई का काम शुरू



मुरादाबाद- पूर्वांचलवासी संस्था के महासचिव अमित दुबे द्वारा छठ पूजा की तैयारी शुरू की गई ।जिनमे आज मुख्य रूप से घाटों की साफ सफाई शुरु की गई। बुद्धि विहार में छठी मैया पूजा पार्क में भूपेश सिंह ओर अमन सिंह की देखरेख में घाटों की साफ सफाई शुरू की गई। लाइनपार आदर्श नगर के पास छठ घाट की तैयारी अंकित सिंह एवं डीवी सिंह द्वारा शुरू की गई। कपूर कंपनी होलिका मंदिर के पास भी छठ पूजा की तैयारी विशाल सिंह गोलू एवं दिशांत शुक्ला के देखरेख में तैयारी शुरू की गई। रेलवे हरथला कॉलोनी में आरपीएफ ग्राउंड में अमित दुबे द्वारा छठ घाट की तैयारी शुरू की गई। जिमसें समिति के सदस्य अजित सिंह, परमजीत सिंह,भूपेश कुमार सिंह,धर्मवीर सिंह,अमन सिंह, मुनेंद्र गिरी,निशांत कुमार सिंह,राजेश कुमार सिंह,उमेश भारती, अंकित सिंह,शिवम सिंह,मंजीत सिंह,श्रीकांत वर्मा,रूपलाल,रंजीत सिंह, जैसवाल जी,हेमंत कुमार झा जी,बेबी सिंह,सुजीता सिंह,रजनी सिंह ,सोनी दुबे, तान्या सिंह,शालू सिंह,सलोनी सिंह ,पिंकू देवी,कंचन सिंह,आदि मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# बीती रात पनैठी पर हुई चोरी में अकराबाद पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि पनैठी मोबाइल चोरी प्रकरण में 24 घंटे में किया पुलिस ने खुलासा किसानों ने क्षेत्र की जनता ने सभी मार्केट वालों ने क्षेत्रीय पुलिस का आभार व्यक्त किया है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि थाना




अकराबाद पुलिस ने बहुत बड़ा साहस का काम किया है 24 घंटे में मोबाइल चोरी का खुलासा किया है पुलिस इंस्पेक्टर क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी वरला का बहुत आभार व्यक्त किया है पुलिस ने अपनी साहस का परिचय दिया है क्षेत्र की जनता मार्केट की सभी दुकान वाले इस पुलिस की कार्रवाई को इस सहयोग को कभी भुला नहीं सकते थाना इंस्पेक्टर अवधेश कुमार सिंह ने पूरा साहस का परिचय दिया भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इंस्पेक्टर अकराबाद अवधेश कुमार ने संगठन की शिकायत को गंभीरता से लिया उनका आभार व्यक्त किया गया है

# पुत्र के ससुरालीजनों को फंसाने के उद्देश्य से बहनोई ने ही अपने साले की बीमारी के चलते हुई मृत्यु के उपरांत मारी थी गोली

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिहं ने आज पुलिस लाइन स्थिति सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि गत दीपावली से एक दिन पूर्व को वादी दीपक पुत्र सुरेश चंद्र निवासी परोली सुहागपुर द्वारा थाना जैथरा पर सूचना दी गई कि उसके पिता सुरेश चन्द्र तथा उसके मामा महेश चन्द पुत्र राजाराम निवासी खिरिया पमारान थाना नयागांव दिनांक 10 नवम्बर को परौली सुहागपुर में अपने खेत पर बनी झोपड़ी में सो रहे थे।

तभी समय करीब रात्रि 10 बजे 6-7 लोग मारूती ईको कार से आये जिन्होंने गाडी से उतरकर प्रार्थी के पिताजी पर धारदार हथियार से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया, चीख पुकार सुनकर पास में सोये वादी के मामा महेश चन्द जाग गये और हमलावरों को रोकने का प्रयास किया इसी बीच उनमें से एक व्यक्ति ने प्रार्थी के मामा के तमन्चे से गोली मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। वादी के पिता ने हमलावरों को पहचान लिया है।



इस संबंध में थाना जैथरा पर मुअसं 362/23 धारा 147, 148, 149, 302, 307, 506 भादंवि बनाम रामशंकर पुत्र घासीराम व शिवांशु पुत्र रामशंकर निवासी मोहल्ला राजीव गांधी नगर श्यौदान स्कूल के पास थाना कोतवाली नगर जिला मैनपुरी व प्रशान्त पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम कशपुर जिला मैनपुरी पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा की गई विवेचना, भौतिक / धरातलीय / डिजिटल साक्ष्य तथा पूछताछ से अभियोग उपरोक्त में नामित अभियुक्तों की नामजदगी झूठी पाई गई तथा विवेचना से वादी मुकदमा दीपक उर्फ शिवम व सुरेशचन्द शर्मा निवासीगण परोली सुहागपुर तथा झोलछाप डाक्टर रनवीर पुत्र ईश्वरी प्रसाद निवासी फगनौल थाना जैथरा का नाम प्रकाश में आने पर गत मगंलवार को तीनों अभियुक्तों को ग्राम फग्नौल में झोलाछाप डॉ. रणवीर के घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है ! महत्वपूर्ण तथ्य - पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दीपक का विवाह वर्ष 2019 में हुआ था, पत्नी के प्रेम सम्बन्ध उसकी बुआ के बेटे के साथ होने की जानकारी होने पर आये दिन दोनों में अनबन होने लगी। एक वर्ष पूर्व दीपक की पत्नी अपने मायके चली गई और बुलाने पर भी नहीं आई जिस कारण दीपक ने माननीय न्यायालय में धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम के तहत अपनी पत्नी के विरुद्ध वाद दायर कराया गया। तदोपरांत दीपक द्वारा अपनी पत्नी, ससुर तथा सास के विरुद्ध धारा 406, 504, 506 आईपीसी के तहत अभियोग दर्ज कराया गया जो माननीय न्यायालय एटा में विचाराधीन है। दीपक के मामा मृतक महेश चन्द्र शर्मा शराब पीने के आदी थे जिसके चलते उन्हें सारी सम्पत्ति बेच दी थी और महेश चंद्र की पत्नी की मृत्यु के उपरांत वह अपने बहनोई के साथ खेत पर बनी झोपड़ी में रहते थे। दीपक व उसके पिता द्वारा दीपक के ससुरालीजनों को फँसाने के उद्देश्य से एक स्थानीय चिकित्सक की मदद से महेश चन्द्र की बीमारी से मृत्यु होने के उपरांत घटना की योजना बनाई गई। महेश चन्द्र की बीमारी से मृत्यु होने के उपरान्त सुरेश चन्द्र शर्मा ने तमंचे से महेश के मृत शरीर में गोली मारी तथा डाक्टर रनवीर उपरोक्त से अपने हाथ व पीठ में सर्जिकल ब्लेड से चोटें बनवाई और छल से दीपक के ससुरालियों को फसाने के उद्देश्य से अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियोग से पूर्व नामित लोगों के नाम पृथक करते हुए अभियुक्तों 1- दीपक उर्फ शिवम 2- सुरेश चन्द्र 3 डाक्टर रणवीर के नाम प्रकाश में आये है तथा अभियोग उपरोक्त से धारा 147, 148, 149, 302, 307, 506 भादवि का लोप करते हुए धारा 420, 194, 297 आईपीसी की वृद्धि करते हुए थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है !

# धूमधाम से मनाया भाई-बहन के स्नेह का भैया-दूज

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ भाई-बहन के स्नेह का पर्व भैया दूज परंपरागत तरीके से मनाया गया बहनों ने भाइयों के माथे का तिलक और मिठाई खिलाकर अपने भाइयों की उम्र दराज की कामना की 7 भाइयों ने बहनों के पैर छूकर बहनों की रक्षा हेतु वचन दिया भैयादूज बहन सुबह जल्दी उठकर तैयारियों में जुट गई मिठाई, कपड़े और उपहार की खरीदारी के लिए रेलवे रोड, सराफा बाजार, रामघाट रोड, सेंटर प्वाइंट सहित अन्य बाजारों में देर रात तक चहल-पहल रही वैसे तो लोग पर्व से 1 दिन पहले दिन पहले ही घर चले गए थे और जो रह गए थे सुबह बहनों से तिलक कराने के लिए बहनों के घर पहुंचे ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी, बसों में भी



उमड़ी देखने को मिली भाइयों को गोला पर टीका करती हैं बहने भैया दूज पर मिठाई के साथ बहनें अपने भाइयों को गोला पर टीका कर भेंट करती है जो बहने किसी कारणवश भाइयों के पास नहीं पहुंच पाती है, वे गोला पर टीका कर अपने पास रख लेती है और बाद में भाइयों को भेंट करती है इसके चलते मेवा और परचून की दुकानों पर गोला खरीदने वालों की भीड़ रही 7 दूरदराज जाने वाली बहनों में पहले ही मिठाई की खरीदारी कर ली भाइयों ने भी बहनों को उपहार स्वरूप दी जाने वाले परिधानों की खरीदारी की

# अवैध शराब बेचने वाले दो युवक गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी। थाना जीआरपी व आरपीएफ टीमों द्वारा 02 अन्तर्राज्यीय /अन्तर्जनपदीय अवैध शराब बेचने वाले युवकों को गिरफ्तार किया. जिसके कब्जे से 82 अदद बोतल नाजायज अंग्रेजी शराब बरामद जिसकी कीमत अनुमानित कीमत करीब 48 हजार 700 रुपये बतायी जा रही है।




पुलिस अधीक्षक रेलवे आदित्य लांग्हे व वरिष्ठ मंण्डल सुरक्षा आयुक्त विवेकानन्द नरायण आरपीएफ के निर्देशन में मादक पदार्थो की घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु निरन्तर चल रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे नईम खाँन मंसूरी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जीआरपी /आरपीएफ संयुक्त टीमों द्वारा वीरागंना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन झाँसी से 02 अन्तर्राज्यीय / अन्तर्जनपदीय शराब तस्कर कमलेश कुमार पुत्र अतर सिंह राजपूत निवासी-मकान नं0 174 बिजौली थाना प्रेम नगर व कमल सिंह पुत्र सूरज सिंह राजपूत निवासी- ग्राम सोनागिर थाना सोनागिर थाना सोनागिर जिला दतिया म0प्र0 की गिरफ्तारी करते हुये 82 अदद बोतल नाजायज अंग्रेजी शराब बरामद की। गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 राहुल देव थाना जीआरपी, उ0नि0 अशोक कुमार थाना जीआरपी, सहा0उ0नि0 नवीन कुमार सीआईबी टीम रेलवे सुरक्षा बल, हे0का0 विजय बहादुर राम सीआईबी टीम रेलवे सुरक्षा बल, का0 राघवेन्द्र कुमार थाना जीआरपी, का0 अनिल कुमार थाना जीआरपी, का0 सचिन कुमार थाना जीआरपी, का0 अरुण सिंह सीआईबी टीम, का0 सुरेन्द्र सिंह सीआईबी टीम रेलवे सुरक्षा बल मौजूद रहा।

# नहर के पुल पर बहन बेटियों के साथ अराजक तत्वों ने की बदतमीजी - रोड जाम

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-गुड्डनपुर की नहर के पुल पर बहन बेटियों के साथ अराजक तत्वों ने की बदतमीजी - रोड जाम - बड़ा बवाल होने की संभावना एटा। गंजडुंडवारा रोड पर थाना बाग वाला क्षेत्र के ग्राम नगला धीमर की बहन बेटियों के साथ अराजक तत्वों ने की बदतमीजी पीड़ितों ने जब यह घटना घर जाकर अपने परिजनों को बताई तो उनके परिवार में आक्रोश व्याप्त हो गया। तथा वह लोग घटना स्थल गुड्डन पुर स्थित नहर के पुल पर जा पहुंचे। जहां पर गुंडई करने वाले लोग पहले से ही मौजूद हो थे। जिन्होंने पुनः पीड़ित महिलाओं के परिजनों के साथ भी मारपीट की जिसकी वजह से आसपास तथा वहां मौजूद अन्य लोगों ने विरोध स्वरूप रोड जाम कर दिया। और घटना की सूचना थाना पुलिस को दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर जा पहुंची है इस पूरे प्रकरण में महिलाओं से बदतमीजी करने वाले हमलावरों को राजनीतिक लोगों का संरक्षण बताया जा रहा है। इसी वजह से संरक्षण प्राप्त हमलावर इलाके की बहन बेटियों के साथ खुलेआम अराजकता करने तथा भद्र लोगों के साथ मारपीट करने से बाज नहीं आते हैं।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती -जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड जमुनहा के अन्तर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हरदत्त नगर गिरंट का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अध्ययनरत छात्राओं से बात कर उनका कुशल क्षेम भी जाना।



इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी जांच किया तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने की टिप्स भी दिया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को दिये जाने वाले भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रसोई घर, कार्यालय, गैलरी, पूरे कैम्पस एवं छात्रावास का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और छात्राओं को मीनू के अनुसार भोजन-नास्ता आदि सुविधाओं को मुहैया कराते रहने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विद्यालय में बेहतर साफ-सफाई रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि कस्तूरबा में अध्ययनरत छात्राओं को कोई दिक्कत न होने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालय में जितने भी स्टाफ तैनात है, वे प्रत्येक दशा में अपने तैनाती स्थल पर रहकर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करें। यदि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान कोई भी स्टाफ बिना छुट्टी स्वीकृत कराये अनुपस्थित पाया गया तो निश्चित ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# नहीं रुक रहा आम के हरे पेड़ों का कटान



क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती थाना क्षेत्र हरदत्तनगर गिरंट का मामला आम के हरे पेड़ों को सरकारी जमीन से काटे गए आम के 4 हरे पेड़ क्षेत्र लेखपाल ने ग्राम प्रधान को किया सुपुर्द गोमती प्रसाद द्वारा ठेकेदार के हाथ चुपके से बेच दिया गया ठेकेदार सलामत ने आम के हरे पेड़ काटकर धराशाई कर दिया जिसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई ग्रामीणों ने उप जिला अधिकारी जमुनहा अहमद फरीद खान को दिया जिससे जिसे उप जिला अधिकारी जमुनहा क्षेत्र लेखपाल को निर्देश दिया की मौके पर पहुंच कर जांच करें क्षेत्र लेखपाल सुनील मिश्रा मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान को कटे हुए पेड़ों के बोट को सुपर्द कर दिया और उसी के बगल में बाबू के बाग से सलामत द्वारा हरे पेड़ों की कटान भी जारी है इस संबंध में बन दरोगा अजय कश्यप से बात करने पर बताया गया कि जांच किया जाएगा दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान चित्रगुप्त का पूजन व वरिष्ठजनों का सम्मान हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में वरिष्ठ कायस्थ समाज के लोगों का सम्मान समारोह एवं चित्रगुप्त पूजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष निगम एवं नरेंद्र श्रीवास्तव राज्य सूचना आयुक्त के मुख्य आतिथ्य में चित्रगुप्त भगवान का पूजन व हवन किया गया.इसके उपरांत कायस्थ समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक नीलंश खरे, सहसंयोजक नवीन श्रीवास्तव, सहसंयोजक आतिश श्रीवास्तव, प्रदेश




सचिव प्रियंक श्रीवास्तव, मंगल श्रीवास्तव, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष अनीता खरे, निशा श्रीवास्तव, गगन खरे, घीरेश श्रीवास्तव, सर्वेश सक्सेना,आयुष खरे, रोहन खरे, अमित श्रीवास्तव, देवेंद्र, वीरू, कौस्तुभ सक्सेना, सी पी श्रीवास्तव, आदर्श निगम, अतुल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे. जिला अध्यक्ष इंजीनियर मयंक श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# अधिकारियों सहित कर्मचारियों ने मनमाने ढ़ग से लिया अवकाश

क्यूँ न लिखूँ सच -निशाकांत शर्मा

